## समाचार

## सफाई अपनाओ–बीमारी भगाओ अभियान 2025

# साफ–सफाई व स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ जीवन की आधारशिला है – मेयर

## (महापौर श्रीमती संजूदेवी राजूपत व आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने छात्र–छात्राओं को हाथ धुलाकर '' सफाई अपनाओ–बीमारी भगाओ अभियान 2025 '' का किया शुभारंभ, महापौर श्रीमती राजपूत ने छात्र–छात्राओं व उपस्थितजनों को दिलाई स्वच्छता की शपथ)




कोरबा 02 जुलाई 2025 – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आज कहा है कि बेहतर साफ–सफाई व स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ जीवन व स्वस्थ समाज की आधारशिला है, हम सबको मिलकर स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना होगा। उन्होने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश में '' स्वच्छ भारत मिशन '' का ऐतिहासिक अभियान प्रारंभ कराया था, जिसकी गूँज देश के कोने–कोने में आज पूरी ऊर्जा के साथ सुनाई पड़ रही है। आम लोगों में साफ–सफाई व स्वच्छता के प्रति बेहद जागरूकता आई है, लोगों ने स्वच्छता को अपनाया है, जिसके कारण गंदगी से जुड़ी बीमारियों से हमें मुक्ति मिल रही है।

उक्त बातें महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने '' सफाई अपनाओ–बीमारी भगाओ अभियान 2025 '' के शुभारंभ अवसर पर कही। महापौर श्रीमती राजपूत ने निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की विशेष उपस्थिति में निर्मला हायर सेकेण्डरी स्कूल कोसाबाड़ी कोरबा के छात्र–छात्राओं को हाथ धुलाकर एवं स्वच्छता शपथ ग्रहण कराकर अभियान का शुभारंभ कराया। यहॉ उल्लेखनीय है कि भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त दिशा

निर्देशों के अनुरूप '' स्वच्छ भारत मिशन – शहरी 2.0 '' के अंतर्गत '' स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता '' के क्रियान्वयन हेतु '' सफाई अपनाओ – बीमारी भगाओ अभियान 2025 '' का संचालन नगरीय निकाय क्षेत्रों में किया जाना हैं, जिसका शुभारंभ नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में आज किया गया। कोसाबाड़ी कोरबा स्थित निर्मला हायर सेकेण्डरी स्कूल से अभियान का श्रीगणेश हुआ, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति में यह अभियान प्रारंभ किया गया।

**स्वच्छता का संदेश लेकर आया हूँ, आप भी स्वच्छतादूत बने** – इस अवसर पर आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने विद्यालय की छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि मैं आप सबके पास एक स्वच्छतादूत बनकर एवं स्वच्छता का संदेश लेकर निगम की टीम के साथ आया हूँ, आप सब भी स्वच्छतादूत बने तथा अपने घर, गली, मोहल्ले व शहर में स्वच्छता की अलख जगाएं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने आगे कहा कि हमें अपने संस्कारों में, अपने स्वभाव में व सभी क्रियाकलापों में स्वच्छता को शामिल करना होगा, एक स्वस्थ देश में ही स्वस्थ मनुष्य निवास करते हैं, वास्तव में स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का आधार है, वहीं गंदगी बीमारियों का सबसे प्रमुख कारण है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने छात्र–छात्राओं को प्रेरित करते हुए आगे कहा कि कुछ भी खाने से पूर्व, हाथ को चेहरा, नाक, कान, मुंह में लगाने से पूर्व हाथ को धोना जरूरी है ताकि हम कीटाणुओं से सुरक्षित रहें, बीमारियों से दूर रहें। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने नगर निगम कोरबा क्षेत्र में प्रतिदिन उत्सर्जित होने वाले विभिन्न प्रकार के अपशिष्ट, इनका संग्रहण, परिवहन, प्रबंधन व कचरे का समापन आदि की प्रक्रिया की बिन्दुवार जानकारी छात्र–छात्राओं को दी तथा उनका आव्हान किया कि लोगों को शहर की स्वच्छता, साफ–सफाई, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक व प्रेरित करें।

**हमारे जीवन में स्वच्छता का अत्यधिक महत्व** – इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर सोना मैरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे जीवन में साफ–सफाई व स्वच्छता का अत्यधिक महत्व है, स्वच्छता हमें स्वस्थ जीवन देती है, बीमारियों से दूर रखती है, जिसके परिणाम स्वरूप हम अपने सामाजिक दायित्वों का भी सफल निर्वहन कर पाते हैं। उन्होने कहा कि प्राचीनकाल से ही साफ–सफाई का बहुत महत्व रहा है, कोरोनाकाल में हमें स्वच्छता का महत्व और ज्यादा समझ में आया तथा एहसास हुआ कि वास्तव में साफ–सफाई व स्वच्छता हमारे जीवन की रक्षा भी करती है।

**महापौर ने दिलाई स्वच्छता शपथ** – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने विद्यालयीन छात्र–छात्राओं, अध्यापक – अध्यापिकाओं एवं उपस्थित आमजनों को स्वच्छता की शपथ ग्रहण कराई तथा अपने जीवन में सतत रूप से स्वच्छता को अपनाने, अपने हर क्रियाकलापों में साफ–सफाई व स्वच्छता को सर्वोच्च स्थान देने, अपने घर, गली, मोहल्ले व शहर को साफ–सुथरा रखने, सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थान पर कचरा न डालने आदि के संकल्पों को दोहराया।

**31 जुलाई तक निरंतर चलेगा अभियान** – कोरबा नगर निगम क्षेत्र में '' सफाई अपनाओ–बीमारी भगाओ '' का यह अभियान 31 जुलाई तक लगातार संचालित होगा, जिसके तहत नागरिकों को जलजनित तथा वैक्टरजनित बीमारियों की रोकथाम, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि बीमारियों से बचाव हेतु सतत स्वच्छता पर ध्यान केन्द्रित करते हुए निर्धारित विभिन्न थीमों यथा– स्वच्छ हाथ, स्वच्छ घर, स्वच्छ पड़ोस, स्वच्छ नालियॉ एवं जल निकास, स्वच्छ शौचालय, स्वच्छता एप, डस्टबिन का उपयोग, स्वच्छ सार्वजनिक स्थल, सुरक्षित पेयजल, मोहल्ला समिति जनजागरूकता, सफाई मित्र हेल्थ चेकअप, विद्यालयों में स्वच्छता प्रतियोगिता व वृहद सफाई अभियान से जुड़े कार्यक्रम आयोजित होगें।

उक्त आयोजन अवसर पर निगम के जोन कमिश्नर भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, उप जोन प्रभारी सुमित गुप्ता, पी.आई.यू. धनमोहन रात्रे व पकंज गभेल आदि के साथ विद्यालयीन छात्र–छात्राएं, अध्यापक–अध्यापिकागण व आमनारिकगण उपस्थित थे।